>

Title: Need to open level crossing no. 83A near Akbarpur junction in Uttar Pradesh for pedestrian and vehicular traffic.

श्री राकेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अकबरपुर जंक्शन उत्तर रेलवे के समपार सं0 83ए पर आकृष्ट कराना है कि जबसे इस समपार पर उपरिगामी पुल का निर्माण हुआ है तभी से समपार के फाटक को बंद कर दिया है। मैंने इस फाटक को खुलवाने हेतु बार-बार पत्र द्वारा एवं सदन में भी माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराया था परंतु फाटक न खोलने का निर्णय लिया गया। इस फाटक से कई स्कूलों के बच्चे आते-जाते हैं। प्रदेश स्तरीय श्री गांधी आश्रम के उत्पादन एवं बिक्री केंद्र को भी इसी समपार से लोग जाते हैं एवं कई व्यापारिक प्रतिष्ठान इण्टर एवं डिग्री कॉलेज का भी यही सुगम मार्ग है।

यदि फाटक् को खोलने में नियमों का उल्लंघन होता हो तो अधोगामी/भूमिगत पथ का निर्माण समपार सं0 83ए पर कराया जाये।